दिन– बुधवार दिनांक– 22 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए कल शाम समाप्त हो जायेगा प्रचार। विभिन्न दलों के नेताओं ने पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में झोंकी पूरी ताकत।
02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– पांच चरणों के मतदान के रूझानों से हताश है इंडी गठबंधन।
03. चुनाव आयोग ने छपरा में दो राजनीतिक दलों के समर्थकों के बीच हुयी हिंसक झड़प और गोलीबारी मामले में सारण के जिलाधिकारी से मांगी रिपोर्ट।
04. और, राज्य के विभिन्न भागों में पूरबा हवा के प्रभाव से हुई बारिश से मौसम हुआ सुहाना। अगले तीन दिनों तक मौसम में बदलाव की सम्भावना नहीं।

————————————————————————————

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए प्रचार अपने अंतिम दौर में पहुंच गया है। इस चरण के लिए प्रचार कल शाम समाप्त हो जायेगा। छठे चरण में राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों– वाल्मीकिनगर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज संसदीय क्षेत्रों में पच्चीस मई को मतदान होगा। इस चरण में पूर्व केन्द्रीय मंत्री और सांसद राधामोहन सिंह, पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल, लवली आनंद, जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी, हिना शहाब समेत नवासी उम्मीदवारों की प्रतिष्ठा दांव पर है।

————————————————————————————

विभिन्न दलों और गठबंधन के स्टार प्रचारको और वरिष्ठ नेताओं ने प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। राजद के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज वैशाली के बरूराज, सीवान के दरौली, गोपालगंज के जादोपुर, पश्चिम चम्पारण के सुगौली और शिवहर के चिरैया में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी भी मौजूद थे। इधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में विभिन्न स्थानों पर जनसभा को संबोधित किया। वाम दल भाकपा, माकपा और माले के वरिष्ठ नेताओं ने भी इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में अनेक स्थानों पर जन सम्पर्क और जनसभाएं की।

————————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पांच चरणों के चुनाव से मिल रहे रूझानों ने विपक्षी गठबंधन के नेताओं की बोलती बंद कर दी है।

उत्तर प्रदेश के बस्ती में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुये श्री मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन पूरी तरह निराशा की गर्त में डूब गया है।

———बाईट———

पांच चरण के चुनाव हो चुके हैं, इन पांच चरणों ने ही देश में तीसरी बार मोदी सरकार पक्की कर दी है। आप इंडी एलायंस वालों के बयान देख लीजिए हर कोई अलग–थलग आंकडा बताता है, तो आपको पक्का भरोसा हो जाएगा कि पूरा इंडी एलायंस ऐसा निराशा की गर्त में डूबा है कि अब उनको यह भी याद नहीं रहता है कि वो दो दिन पहले क्या बोले थे आज क्या बोल रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रावस्ती में अपने संबोधन में कहा कि इंडी गठबंधन कई गम्भीर बीमारियों से ग्रसित है। उन्होंने कहा कि इन बीमारियों से देश को सावधान रहना जरूरी है।

———बाईट———

श्री मोदी ने लोगों से वोट देने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि लोग वोट देकर पुण्य के भागीदार बने। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए नागरिकों को मताधिकार का प्रयोग जरूर करना चाहिए।

———बाईट———

————————————————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि एनडीए गठबंधन को लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है। श्री पासवान ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुये कहा कि एनडीए को चार सौ पार का आंकड़ा मिलना तय है। उन्होंने कहा कि इससे ज्यादा भी सीटें आये तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

———बाईट———

————————————————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने एनडीए सरकार पर दस सालों में लोगों के साथ वादा खिलाफी का आरोप लगाया है। गोपालगंज में चुनावी सभा को संबोधित करते हुये श्री यादव ने कहा कि एनडीए सरकार ने लोगों से किये एक भी वादे को पूरा नहीं किया है।

———बाईट———

————————————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को निर्देश दिया है कि वे पार्टी के स्टार प्रचारकों को भाषणों में आदर्श आचार

संहिता के उल्लंघन को लेकर सतर्क करे। आयोग ने अपने निर्देश में कहा है कि पार्टी प्रमुख अपने नेताओं को भड़काउ भाषण और अनर्गल बयानबाजी से बचने के लिए औपचारिक नोट जारी करे। आयोग ने दोनों दलों प्रमुखों से कहा है कि चुनाव अभियान में देश के समग्र और संवेदनशील ढांचे को नुकसान पहुंचाने वाला कोई वक्तव्य नहीं होना चाहिए। आयोग ने प्रचारकों और उम्मीदवारों को चुनाव अवधि के दौरान शिष्टाचार बनाए रखने का निर्देश दिया है। गौरतलब है कि कुछ समय पहले दोनों प्रमुख दलों ने आयोग की शिकायत की थी, जिसके जवाब में चुनाव आयोग ने निर्देश जारी किया है।

———————————————————————————

भाजपा ने काराकाट संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पार्टी ने पत्र जारी कर कहा है कि काराकाट संसदीय क्षेत्र से एनडीए के आधिकारिक प्रत्याशी राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा के खिलाफ चुनाव लड़ने के कारण यह कार्रवाई की गयी है। गौरतलब है कि पवन सिंह को पार्टी ने पश्चिम बंगाल के आसनसोल से उम्मीदवार घोषित किया था, लेकिन पवन सिंह ने आसनसोल से चुनाव लड़ने से मना कर काराकाट सीट से अपना नामांकन दाखिल कर दिया।

———————————————————————————

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात जहानाबाद लोकसभा सीट की। जहानाबाद बिहार के उन आठ संसदीय निर्वाचन– क्षेत्रों में से एक है, जहां सातवें और अंतिम चरण में एक जून को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———बाईट———

दरधा और जमुनई नदी के संगम पर बसा जहानाबाद राजनीतिक दृष्टिकोण से काफी संवेदनशील माना जाता है। यह लोकसभा क्षेत्र लंबे समय तक वामपंथ का सियासी गढ़ रहा। इसके बाद यहां से कांग्रेस और जनता दल के उम्मीदवार भी जीते। वर्ष 1998 के लोकसभा चुनाव से इस सीट पर हर बार सांसद बदलते रहने की परंपरा रही है। वर्ष दो हजार उन्नीस में इस सीट से जदयू के चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी को जीत मिली थी। इस बार भी पार्टी ने उन पर भरोसा जताते हुए उन्हें चुनाव मैदान में उतारा है। उनके सामने हैं विपक्षी गठबंधन से राजद के सुरेंद्र प्रसाद यादव। वहीं, पूर्व सांसद अरुण कुमार भी बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। चुनाव मैदान में कुल पंद्रह उम्मीदवार हैं लेकिन जदयू, राजद और बसपा उम्मीदवारों के बीच त्रिकोणीय मुकाबला माना जा रहा है। जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी छह विधानसभा क्षेत्रों पर विपक्षी गठबंधन का कब्जा है। कुर्था, जहानाबाद, मखदुमपुर और अतरी सीट पर राजद के, जबकि अरवल और घोसी सीट पर भाकपा माले के विधायक हैं। जहानाबाद संसदीय क्षेत्र में विकास आज भी प्रमुख चुनावी मुद्दा है। साथ ही लोगों के बीच बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दों की भी चर्चा है। जदयू उम्मीदवार चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी जहां केंद्र और सरकार की उपलब्धियों को लेकर आम लोगों के बीच जा रहे हैं। वहीं, राजद और बसपा उम्मीदवार स्थानीय मुद्दों के आधार पर लोगों को गोलबंद करने में जुटे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्षेत्र के मतदाता त्रिकोणीय मुकाबले में दोबारा जदयू उम्मीदवार चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी को लोकसभा भेजते हैं या फिर राजद उम्मीदवार सुरेंद्र प्रसाद यादव या

बहुजन समाज पार्टी उम्मीदवार अरुण कुमार में से किसी एक पर अपना भरोसा जताते हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए जहानाबाद से आभाष रंजन।

———————————————————————————

छपरा में दो राजनीतिक दलों के समर्थकों के बीच हुयी हिंसक झड़प और गोलीबारी के मामले में चुनाव आयोग ने सारण के जिलाधिकारी से रिपोर्ट मांगी है। इधर, घटना के दूसरे दिन भी आज प्रभावित इलाकों में इंटरनेट सेवा बंद है। संवेदनशील स्थानों पर रैपिड एक्शन फोर्स और सीआरपीएफ की तैनाती की गयी है। पुलिस अधीक्षक गौरव मंगला ने बताया कि इस मामले में तीन एफआईआर दर्ज की गयी है। कुल पचास अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में तेलपा इलाके के रहने वाले दो लोगों रमाकांत सिंह और रविकांत सिंह को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से राईफल जब्त की गयी है। एसपी ने बताया कि एफएसएल की टीम ने घटनास्थल की जांच की है और साक्ष्य इकठ्ठा किये हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रभावित क्षेत्र में स्थिति धीरे–धीरे सामान्य हो रही है।

———————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में मौसम सामान्य बना हुआ है। इधर, नमीयुक्त पूरबा हवा के प्रभाव से राज्य के उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पूर्व भागों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्णियां में सबसे अधिक छियानवे दशमलव चार मिलीमीटार वर्षा दर्ज की गयी। वहीं बांका के बौंसी में अट्ठासी दशमलव दो और धोरैया में बहत्तर दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस.के. पटेल ने कहा है कि अगले तीन दिनों तक राज्य के विभिन्न भागों में हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा की परिस्थितियां बनी हुई है। वहीं, राज्य के उत्तरी और पूर्वी भागों में कुछ स्थानों पर मेघ गर्जन, वज्रपात और तेज हवा के साथ हल्की बारिश की सम्भावना है।

———————————————————————————

पटना के मोईनुलहक स्टेडियम में सीनियर सुपर क्रिकेट लीग के तहत कैमूर और गया के बीच मुकाबला खेला जा रहा है। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक कैमूर ने दूसरी पारी में दो विकेट खोकर पैंतीस रन बना लिये हैं। टीम को चालीस रनों की बढ़त मिल गयी है। इससे पहले कैमूर ने पहली पारी में दो सौ तेरासी रन बनाये, जिसके जवाब में गया की पहली पारी दो सौ अठहत्तर रनों पर ही सिमट गयी।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए कल शाम समाप्त हो जायेगा प्रचार। विभिन्न दलों के नेताओं ने पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में झोंकी पूरी ताकत।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– पांच चरणों के मतदान के रूझानों से हताश है इंडी गठबंधन।

03. चुनाव आयोग ने छपरा में दो राजनीतिक दलों के समर्थकों के बीच हुयी हिंसक झड़प और गोलीबारी मामले में सारण के जिलाधिकारी से मांगी रिपोर्ट।

04. और, राज्य के विभिन्न भागों में पूरबा हवा के प्रभाव से हुई बारिश से मौसम हुआ सुहाना। अगले तीन दिनों तक मौसम में बदलाव की सम्भावना नहीं।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।